चयन | तीन दशक बाद स्कूली हॉकी में बढ़ी भागीदारी, चयनित खिलाड़ी संभागीय प्रतियोगिता में करेंगे जबलपुर का प्रतिनिधित्व

# जिले की शालेय हॉकी टीम की घोषणा



**नवभारत , जबलपुर ।** शहर के साइंस कॉलेज मैदान में सोमवार को हॉकी स्टिक और गेंद के साथ खिलाड़ियों की चहल-पहल रही। साइंस कॉलेज मैदान पर दो दिन चली अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग की चयन स्पर्धा में करीब 300 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। चयन प्रक्रिया के दौरान खिलाड़ियों ने मैदान पर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर विभिन्न आयु वर्गों की जिला टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के निर्देशन में संदीपनी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करौंदी, ग्राम रांझी के तत्वावधान में हुई इस स्पर्धा में बड़ी संख्या में स्कूली खिलाड़ियों की मौजूदगी रही। लंबे समय बाद जिले में इतने बड़े स्तर पर हॉकी खिलाड़ियों के चयन को लेकर खेलप्रेमियों में भी उत्साह नजर आया।

### खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रही चयनकर्ताओं की नजर

साइंस कॉलेज मैदान पर चले हॉकी ट्रायल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर चयनकर्ताओं की नजर रही। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अधिकृत दस चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों की तकनीक, फिटनेस, खेल समझ और मैदान पर प्रदर्शन के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की। स्पर्धा के दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा, जीपी झारिया, शिखा सक्सेना और डॉ. रमेश शुक्ला मौजूद रहे। आयोजन में राकेश श्रीवास, गजेन्द्र सिंह मेहरोलिया और हसन अली की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। करीब 300 खिलाड़ियों की भागीदारी को जिले में हॉकी के प्रति बढ़ती रुचि के रूप में देखा जा रहा है।

### अब संभागीय मुकाबलों की तैयारी

जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी अब संभागीय प्रतियोगिता में जबलपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसी माह बालक वर्ग की टीम सिवनी और बालिका वर्ग की टीम बालाघाट में होने वाली संभागीय हॉकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। ऐसे में चयनित खिलाड़ियों के सामने अब जिला टीम में जगह बनाने के बाद संभागीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने की चुनौती होगी।

### इनका कहना है



हॉकी खेलने का मौका मिला तो काफी अच्छा लगा। इतने सारे खिलाड़ियों के साथ ट्रायल में शामिल होकर अपना खेल दिखाने का अनुभव भी अच्छा रहा। अब उम्मीद है कि मेरा चयन जिला टीम में हो और आगे संभागीय प्रतियोगिता खेलने का मौका मिले।

**रोहिनी झरिया , कक्षा 9वीं**



ट्रायल के लिए कुछ दिनों से तैयारी कर रहा था। चयनकर्ताओं के सामने खेलते समय थोड़ा दबाव जरूर था, लेकिन अपना स्वाभाविक खेल खेलने की कोशिश की। चयन हुआ तो संभागीय प्रतियोगिता में टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना लक्ष्य रहेगा।

**रूप किशोर चन्द्रवंशी , कक्षा 10वीं**



# कृषि अभियांत्रिक कॉलेज में तीन दिवसीय खेल महोत्सव

**नवभारत, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति की प्रेरणा से और भारत सरकार द्वारा देश भर में खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 28 अगस्त से 30 अगस्त तक विभिन्न खेल संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला में विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर में भी तीन दिवसीय खेल दिवस का आयोजन कृषि अभियांत्रिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ. सुशील कुमार प्यासी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर और खेल के प्रति अपना उत्साह दिखाते हुए भाग लिया। मुख्य अतिथि डॉ. सुशील कुमार प्यासी ने इस पूरे कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई और विद्यार्थियों को निरंतर खेल से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय के खेल प्रभारी तथा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रत्नेश नारायण श्रीवास्तव ने इस पूरे कार्यक्रम को प्रभावी तरीके से सम्पन्न कराया तथा तीनों दिन पूरी मेहनत और लगन से विद्यार्थियों को खेल के प्रति अनुशासन, आपसी सद्भावना और छात्र जीवन में खेलों के महत्व को समझाया। इसके साथ ही, महाविद्यालय के इंजी. यज्ञेश नारायण श्रीवास्तव ने भी तीनों दिन छात्रों के साथ रहकर उनका मनोबल बढ़ाया और विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता की। इस दौरान खेल संबंधी कार्यक्रमों के पहले दिन सदी के महानतम खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी गई।

### वॉलीबॉल, खो-खो और कबड्डी स्पर्धा हुई

दूसरे दिन 29 अगस्त को 'एक घंटा खेल के मैदान में' ध्येय वाक्य के साथ विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित हुए, जिसमें छात्रों और फैकल्टी ने वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी और पिट्ठू जैसे खेलों में भाग लिया। तीसरे दिन 'संडे ऑन साइकिल' के अंतर्गत निकाली गई साइकिल रैली में छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



# दीपांकर हांगकांग में करेंगे भारतीय दल का प्रतिनिधित्व

**नवभारत, जबलपुर।** स्पेशल ओलंपिक की अंतर्राष्ट्रीय बोलिंग चैंपियनशिप का आयोजन हांगकांग में 4 से 8 सितंबर को किया जा रहा है, जिसमें भारत का दल भाग लेकर देश का प्रतिनिधित्व करेगा। भारतीय दल के मैनेजर के रूप में स्पेशल ओलंपिक भारत मध्यप्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक दीपांकर बैनर्जी के नेतृत्व में भारतीय दल 3 सितंबर को हांगकांग के लिए रवाना होगा।

विकलांग सेवा भारती की सचिव मिताली बैनर्जी भी भारतीय टीम के सपोर्टर के रूप में दल के साथ उपस्थित रहेंगी। हांगकांग रवाना होने से पूर्व आज दीपांकर बैनर्जी एवं मिताली बैनर्जी का विकलांग सेवा भारती के शिक्षकों, पदाधिकारियों एवं जबलपुर के गणमान्य नागरिकों द्वारा आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए भारतीय दल के उत्कृष्ट प्रदर्शन और सफलता की कामना की। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय दल अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन करेगा। इस अवसर पर प्राचार्य राकेश शर्मा, सचिन प्रजापति, खेल निदेशक एहतिशामउद्दीन, प्रोग्राम मैनेजर अशोक विश्वकर्मा, यादवेंद्र मौर्य, कपिल दीक्षित, मोहन शर्मा, छोटू मेहदेले और पुष्पेंद्र कुशवाहा सहित विकलांग सेवा भारती के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# राज्यस्तरीय व्यापारिक सम्मेलन में जुटे प्रदेश के व्यापारी



**नवभारत, जबलपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय व्यापारिक सम्मेलन में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में व्यापारी प्रतिनिधियों ने सहभागिता करते हुए विकसित भारत-2047 के विजन, व्यापार, उद्योग और आर्थिक प्रगति से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर रहे, जबकि सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल समारोह गौरव के रूप में उपस्थित रहे और अध्यक्षता कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया ने की। इस सम्मेलन का आयोजन कैट मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन के नेतृत्व में किया गया, जिसमें कैट जबलपुर जिला अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया ने कहा कि देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कैट की अवधारणा, संगठनात्मक क्षमता और विजन विकसित भारत-2047 की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया ने संगठन में महिलाओं की भागीदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया, वहीं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि भूपेंद्र जैन के नेतृत्व में कैट मध्यप्रदेश में संगठन को नई मजबूती और व्यापक पहचान मिलेगी। कैट मध्यप्रदेश के महामंत्री जितेंद्र पचौरी ने दिल्ली में आयोजित भारतीय व्यापार महोत्सव को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को बढ़ावा मिलता है। इस सम्मेलन में जबलपुर से जितेंद्र पचौरी, प्रदेश संरक्षक संदेश जैन और संभागीय अध्यक्ष दीपक सेठी उपस्थित रहे।

# झाड़ू लगाकर जताया कांग्रेसियों ने विरोध



खस्ताहाल सड़कों को लेकर पनप रहा आक्रोश

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर की बदहाल सड़कों एवं निर्माण कार्यों में कथित भ्रष्टाचार के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल एवं पश्चिम विधानसभा के समस्त ब्लॉक पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार को सूपाताल से मेडिकल मेन रोड तक सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं- कार्यकर्ताओं ने सड़क पर झाड़ू लगाकर अनोखे तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि सूपाताल से मेडिकल मेन रोड का निर्माण हुए महज 8 से 10 महीने ही हुए हैं, लेकिन सड़क की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। जगह-जगह डामर उखड़ गया है, गिट्टी और बजरी बाहर निकल आई है तथा सड़क पर धूल के गुबार उड़ रहे हैं जिसके चलते कांग्रेस जनता की आवाज बनकर सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

### महापौर-विधायक से कार्रवाई की मांग

कांग्रेस ने महापौर एवं क्षेत्रीय विधायक से मांग की कि खस्ताहाल सड़कों की तत्काल जांच कराई जाए, दोषी ठेकेदारों एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए तथा घटिया निर्माण वाली सड़कों का पुनः गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए। प्रदर्शन के दौरान नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डु नबी, पार्षद अनुपम जैन, पार्षद तुलसा लखन प्रजापति, पार्षद कलीम खान, पार्षद प्रमोद पटेल, सांसद प्रतिनिधि ताहिर अली, सचिन बाजपेई, अभिषेक पाठक, बलवंत सिंह गुर्जर, अखिलेश शर्मा, मिंटू मिश्रा, विवेक जैन, श्रेष्ठ ठाकुर, मोइन उस्मानी, मोहित प्यासी, आलोक उपाध्याय, फहीम खान, दुर्गेश पाठक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### एटीएम में मदद के बहाने महिला से की ठगी

**जबलपुर।** मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर बैंक खातों से रकम उड़ाने वाले गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। गढ़ा थाना अंतर्गत त्रिपुरी चौक में एक शातिर ठग ने 44 वर्षीय महिला की मदद करने का नाटक किया। आरोपी ने पहले महिला का एटीएम पिन देखा और फिर पलक झपकते ही उनका असली कार्ड बदलकर नकली थमा दिया। इसके बाद आरोपी ने महिला के खाते से 80 हजार रुपये पार कर दिए। पुलिस के मुताबिक, संजीवनीनगर थाना क्षेत्र के धनवंतरीनगर की रहने वाली सुनीता भानू त्रिपुरी चौक के पास स्थित एसबीआई के एटीएम से पैसे निकालने गई थीं। ट्रांजेक्शन के दौरान अचानक उनका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया। महिला को परेशान देख उनके पीछे खड़ा एक अज्ञात व्यक्ति मदद के लिए आगे आया।


**सार्वजनिक सूचना**

**विषय: राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) के दिशा-निर्देशों के अनुसार 5 वर्ष से पुराने मेडीकल रिकॉर्ड नष्ट करने हेतु सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि **राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC)** के नियमों नियमन 2002 (खंड 1.3.1) के प्रावधानों एवं अस्पताल की रिकॉर्ड एवं अस्पताल की रिकॉर्ड संरक्षण नीति के अनुसार अस्पताल में उपलब्ध 5 वर्ष से पुराने (वर्ष 2021 एवं उससे पूर्व) सभी (**OPD**). एवं आई.पी.डी. (**IPD**) मरीजों के मेडीकल रिकॉर्ड नष्ट(**Disposed/Shredded**)किए जाने प्रस्तावित हैं।अतः यदि किसी मरीज अथवा उनके परिजनों को उपचार से संबंधित किसी दस्तावेज,रिपोर्ट, डिस्चार्ज समरी अथवा अन्य रिकॉर्ड की आवश्यकता हो,तो इस सूचना के प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर अस्पताल के प्रशासनिक कार्यालय में संपर्क करें।

रिकॉर्ड प्राप्त करने हेतु मरीज/परिजन को अपना वैध पहचान पत्र अथवा संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयावधि समाप्त होने के पश्चात् अस्पताल प्रशासन उक्त रिकॉर्ड को स्थायी रूप से नष्ट कर देगा,जिसके बाद किसी भी पुराने रिकॉर्ड की उपलब्धता हेतु अस्पताल उत्तरदायी नहीं होगा।

**पता-राजेन्द्र डे केयर आई हास्पिटल**
**कमला नेहरू नगर जबलपुर म.प्र.**




# कॉकरोच जनता पार्टी की टीम ने जबलपुर में बनाई रणनीति

**नवभारत, जबलपुर।** कॉकरोज जनता पार्टी की दिल्ली से आई टीम के ऑर्गनाइजेशन इंचार्ज इंडिया अजिंक्य शिंदे, स्कूल ठीक करो कोआर्डिनेटर माया विश्वकर्मा और कोआर्डिनेटर वेस्ट जोन आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में जबलपुर के पदाधिकारियों तथा वॉलंटियर्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जबलपुर कोआर्डिनेटर सचिन गुप्ता, पवन शर्मा, अमित पलिया, अभिनेश अवस्थी, हर्षित रावत, शिखा शर्मा, सोनाली, छाया शुक्ला, नेहा ठाकुर, योगेश चौधरी, भूमिका शुक्ला, साक्षी यादव, श्रेया विश्वकर्मा, छवि वर्मा और संदीप तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में जबलपुर एवं जबलपुर ग्रामीण क्षेत्र में संगठन के विस्तार, नए वॉलंटियर्स को जोड़ने तथा जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने को लेकर गहन चर्चा की गई। इसके साथ ही 'स्कूल ठीक करो' कार्यक्रम की आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ, जिसके माध्यम से स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं तथा शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक में सितंबर माह के अंतिम सप्ताह से शुरू होने वाले 'क्या बोलती पब्लिक' कार्यक्रम की विस्तृत कार्ययोजना पर भी मंथन किया गया, ताकि आम जनता की समस्याओं और विचारों को सीधे सामने लाया जा सके। दिल्ली से आए पदाधिकारियों ने स्थानीय टीम को आगामी अभियानों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड परासिया**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदाओं हेतु निविदा प्रपत्र डाउनलोड/ क्रय करने की दिनांक 01/09/2026 से प्रारंभ है।

**कार्य की नाम-** छिन्दवाड़ा जिले के खंड परासिया के उपखण्ड **क्र.-1 खिरसाडोह परासिया** के कार्यालय भवन का रिपेयरिंग एवं अन्य सुधार कार्य। (बी.ओ.क्यू. के अनुसार)

| ई-टेण्डर आई. डी.क्र. | निविदा क्रमांक/ दिनांक | कार्यस्थल | अनुमानित लागत (रू.लाख) | अमानत राशि रूपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये | बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि /समय | बिड ओपन करने की तिथि/ समय | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_ PHED_ 532881_1 | 08/26-27/ 01/09/2026 | उपखण्ड क्र.-2 खिरसाडोह परासिया | 4.17 | 8337 | 2000 | 15/09/2026 5:30 PM | 16/09/2026 5:30 PM | नवीन केन्द्रीयकृत पद्धति पर सक्षम श्रेणी में पंजीकृत | 60 दिन |

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त बेवसाइड पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन पर ही क्रय किए जा सकते है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित बेवसाईड पर देखी जा सकती है।


**सदस्य सचिव**
**जिला जल एवं स्वछता मिशन तथा**
**कार्यपालन यंत्री, लो.स्वा.यां.वि.**
**खण्ड परासिया (म.प्र.)**

जी-17995/26

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता


# सरकारी अनाज पर डाका, कलेक्टर के दरबार में पहुंची शिकायत

ग्राम तिलसानी के वाजपेयी वेयर हाउस में अनाज घोटाले का गंभीर आरोप



**नवभारत, जबलपुर।** थाना कुंडम अंतर्गत ग्राम तिलसानी में स्थित वाजपेई वेयर हाउस में सरकारी अनाज की खुलेआम चोरी और भ्रष्टाचार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस गंभीर जनहित के मुद्दे को लेकर मंगलवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आशीष मिश्रा ने जिला कलेक्टर के नाम अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर तत्काल उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है।

शिकायत में स्पष्ट कहा गया है कि वेयर हाउस से लगातार अनाज की अवैध निकासी हो रही है। स्टॉक रजिस्टर में हेराफेरी कर शासन को करोड़ों का चूना लगाने की साजिश चल रही है। यह सीधे-सीधे *गरीबों के हक पर डाका और शासन की खाद्य सुरक्षा योजना में बड़ा भ्रष्टाचार है। इस मौके पर सपा नेता आशीष मिश्रा ने कहा कि ये छोटी-मोटी चोरी नहीं, संगठित भ्रष्टाचार है। वेयर हाउस के मालिक, कर्मचारियों और चौकीदार की मिलीभगत के बिना इतना बड़ा घोटाला संभव नहीं है। यदि स्टॉक का भौतिक सत्यापन और सी सी सी कैमरे के फुटेज की जांच हो जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। आशीष मिश्रा ने चेतावनी दी है कि अगर 7 दिन के अंदर जांच कमेटी नहीं बनी तो समाजवादी पार्टी वेयर हाउस के सामने धरना-प्रदर्शन करेगी।

### कुछ इस प्रकार है मांग

* वेयर हाउस को तत्काल सील कर स्टॉक का भौतिक सत्यापन हो।
* पिछले 6 महीने के सी सी कैमरे के फुटेज को जब्त किया जाए।
* चौकीदार और मालिक को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ हो।
* दोषियों पर एन एस ए और खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत एफ आई आर दर्ज हो।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

N.I.T. No./PWD/e-tendering/PRO/526 — Date 01/09/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Date- 03/09/2026 Tender ID- 2026_UAD_531950_1 | सं.कं.-14 विजयनगर अंतर्गत पचौरी पेट्रोल पंप के सामने हॉट बाजार की तरफ जाने वाले मार्ग पर नाला निर्माण कार्य। (निविदा सूचना) | 03 माह / 8.30 लाख | 2000/- / 8307/- | 18/09/2026 |
| 2 | Date- 03/09/2026 Tender ID- 2026_UAD_531950_2 | चेरीताल वार्ड अंतर्गत एवं जय प्रकाश नारायण वार्ड में विभिन्न स्थानों पर सड़क मरम्मत कार्य। (निविदा सूचना) | 03 माह / 4.19 लाख | 2000/- / 4192/- | 18/09/2026 |
| 3 | Date- 03/09/2026 Tender ID- 2026_UAD_531950_3 | संभाग क्रं.-14 अंतर्गत महाराजा अग्रसेन वार्ड में विभिन्न स्थानों पर सड़क मरम्मत कार्य। (निविदा सूचना) | 03 माह / 4.08 लाख | 2000/- / 4084/- | 18/09/2026 |
| 4 | Date- 03/09/2026 Tender ID- 2026_UAD_531950_4 | संभाग क्रं.-14 अंतर्गत डॉ.जाकिर हुसैन वार्ड में शासकीय स्कूल परिसर नई पास एवं अन्य स्थानों पर सड़क मरम्मत कार्य। (निविदा सूचना) | 03 माह / 4.20 लाख | 2000/- / 4204/- | 18/09/2026 |
| 5 | Date- 03/09/2026 Tender ID- 2026_UAD_531950_5 | संभाग क्रं.-14 अंतर्गत विजयनगर के अंतर्गत चितरंजनदास वार्ड एवं पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड में सड़क मरम्मत कार्य। (निविदा सूचना) | 03 माह / 4.18 लाख | 2000/- / 4183/- | 18/09/2026 |
| 6 | Date- 03/09/2026 Tender ID- 2026_UAD_531950_6 | संभाग क्रं -14 अंतर्गत पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड जी.सी.एफ. सोसायटी अशोक नगर अधारताल में सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य। (तृतीय निविदा सूचना) | 03 माह / 4.79 लाख | 2000/- / 4795/- | 18/09/2026 |
| 7 | Date- 03/09/2026 Tender ID- 2026_UAD_531950_7 | जयप्रकाश नारायण वार्ड अंतर्गत आनंद कॉलोनी में तिराहे से बाजखेडा भवन में मिलने वाले नाला एवं पुलिया निर्माण कार्य। (अध्यक्ष मद)(निविदा सूचना) | 03 माह / 13.29 लाख | 5000/- / 9974/- | 05/10/2026 |

**नोटः-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोककर्म विभाग, नगर निगम जबलपुर**